प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राम पंचायत प्रमुखों से योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता फैलाकर समग्र स्वास्थ्य को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने ग्राम प्रधानों को लिखे पत्र में कहा है कि पंचायत परिसरों, स्कूलों, आंगनबाड़ियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर योग आधारित कार्यक्रमों का आयोजन लोगों और विशेषकर युवाओं को स्थायी और तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख चार हजार करोड़ रूपये से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में नदी, तालाब और जल स्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि रांची की हरमू नदी और बड़ा तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों की राशि खर्च हुई है तो ये बदहाल क्यों हैं और पानी से दुर्गंध क्यों उठ रही है? कोर्ट ने कहा कि जल स्रोतों की गंदगी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अगर सरकार ने इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट सख्त आदेश पारित करेगा।

****

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने आज चाइबासा में एक कार्यक्रम के दौरान उन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया, जिन्होंने कल सारंडा क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पांच नक्सलियों को मार गिराया था और दो को गिरफ्तार किया था। मौके पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ पुलिस अभियान जारी रहेगा।

****

इसी साल फरवरी महीने में दिल्ली–हरियाणा बॉर्डर पर किसान आंदोलन में पथराव की घटना में घायल सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर उमा चरण पासवान की दिल्ली में इलाज के क्रम में मौत हो गई। आज जैसे ही उनका पार्थिव शरीर कोडरमा के सतगावां प्रखंड स्थित उनके पैतृक गांव भखरा पहुंचा, पूरे गांव में मातम पसर गया। सीआरपीएफ के तकरीबन 40 जवानों का एक समूह दिल्ली से उनका पार्थिव शरीर लेकर आज उनके पैतृक गांव पहुंचा था, जहां उन्हें सीआरपीएफ की ओर से भी अंतिम विदाई दी गई।

****

लातेहार के जंगल से निकलकर 22 हाथियों का झुंड लोहरदगा के कुडू, कैरो होते हुए अब भंडरा के इलाके में पहुंच गया है। हाथियों के झुंड में कई बच्चे भी हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों से दूर रहें। वन विभाग की ओर से हाथियों को जंगल में खदेड़ने का प्रयास तेज कर दिया गया है।

****

रांची के नामकुम इलाके से पुलिस ने आज सुबह एक ट्रक डोडा पकड़ा है। पकड़े गए डोडा की कीमत एक करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डोडा की यह बड़ी खेप खूंटी से राजस्थान भेजी जा रही थी। उधर, हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने 45 लाख रुपए का डोडा जब्त किया है। इस सिलसिले में पांच तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है।

****

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर स्थित यूसिल तुरामडीह माइंस इकाई के बांदुहुड़ांग माइंस के विस्थापित परिवारों का धरना आज आठवें दिन भी जारी रहा। वे 11 जून से ही बांदुहुड़ांग ओपन कास्ट माइंस के वजन कांटा गेट के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हुए हैं। धरना प्रदर्शन की वजह से बांदुहुड़ांग माइंस से अयस्क ढुलाई का काम ठप हो गया है। इस बीच विधायक संजीव सरदार धरना

स्थल पर पहुंचे और विस्थापितों से वार्ता की। इसके बाद उन्होंने मौके पर से ही उपायुक्त से फोन पर वार्ता कर विस्थापितों की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये।

****

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में अनियमितता की जांच पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार करेंगे। अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है, जो आयोजन से जुड़ी फाइल और किये गये भुगतानों की समीक्षा करेगी। कमेटी को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने निर्देश दिया गया है।

****